आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

04.07.2024 समय : 1850

- अंडमान लोक निर्माण विभाग के नवनियुक्त मुख्य अभियंता इंजीनियर प्रीजीत रेख ने कहा कि जलापूर्ति और सड़क उनकी प्राथमिकताओं में से एक है।
- तीन नए आपराधिक कानून के बारे में तटीय सुरक्षा से जुड़े लोगों को जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- सीसीटीएनएस प्रगति डैसबोर्ड में केन्द्रशासित प्रदेशों की श्रेणी में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को एक बार फिर पहला स्थान मिला है।
- रियर एडमिरल बिप्लब हूटा ने अंडमान निकोबार कमान में चीफ ऑफ स्टाफ का कार्यभार संभाल लिया है।
- नगरपालिका क्षेत्र में अवैध तरीके से दुकान लगाने वाले रेहड़ी–पटरी वालों के खिलाफ नगरपालिका परिषद द्वारा अभियान चलाया जा रहा है।

<><><><><><><>

इंजीनियर प्रीजीत रेख ने अंडमान लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता का कार्यभार संभाल लिया है। पदभार संभालने के बाद आज आकाशवाणी समाचार के साथ एक विशेष भेंट में उन्होंने कहा कि सड़क और जलापूर्ति उनकी प्राथमिकताओं में से एक है और इसके लिए कई दीर्घकालिक योजना भी बनाई गई है। लम्बा लाईन क्षेत्र में सड़कों की खस्ता हालत पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि मौसम साफ होते ही अस्थाई काम शुरू हो जाएगा। इस क्षेत्र के लिए भी दीर्घकालिक योजनाएं हैं, जिसे अमल में लाया जाएगा।

<><><><><><><>

तीन नए आपराधिक कानून के बारे में तटीय सुरक्षा से जुड़े लोगों को जानकारी देने के लिए हाल ही में पोर्ट ब्लेयर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस मरीन बल की उप–पुलिस महानिरीक्षक वर्षा शर्मा और अन्य अधिकारियों की निगरानी में आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि इन नए कानूनों में ज़ीरो एफ आई आर दर्ज करने की सुविधा के साथ कई अन्य सुविधाएं उपलब्ध है, ताकि पीड़ित और दूसरे पक्ष को भी सही जानकारी मिल सके। जागरूकता सत्र के दौरान पुलिस मनोरंजन टीम की ओर से नए कानून को दर्शाती नुक्कड़–नाटक का मंचन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तटीय सुरक्षा हितधारकों और मछुआरा समुदाय के बीच आपसी समन्वय को मजबूती प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान वीरा स्वामी और एस. यू महेश्वर नामक दो मछुआरों को प्रमाणपत्र भी दिए गए।

<><><><><><><>

सीसीटीएनएस प्रगति डैशबोर्ड में केन्द्रशासित प्रदेशों की श्रेणी में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को एक बार फिर पहला स्थान मिला है। पिछले वर्ष जुलाई से इस वर्ष मई तक द्वीपसमूह को चौंथी बार यह उपलब्धि मिली है। सीसीटीएनएस गृह मंत्रालय की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिसे महीने के आधार पर प्रगति डैशबोर्ड के माध्यम से प्रधानमंत्री और गृह मंत्रालय की ओर से निगरानी की जा रही है। सीसीटीएनएस प्रगति डैशबोर्ड राष्ट्रीय पैमाने पर अपराध डेटा के प्रबंधन और उनके खोज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे अपराध की रोकथाम के प्रबंधन और खोज उपायों के कियान्वयन में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की दक्षता, विकास, प्रदर्शन और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पहली जुलाई से लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों में भी सीसीटीएनएस की नई और सुधारात्मक संस्करण को शामिल किया गया है।

<><><><><><>

रियर एडमिरल बिप्लब हूटा ने अंडमान निकोबार कमान में चीफ ऑफ स्टाफ का कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने रियर एडमिरल संदीप एस संधु का स्थान लिया है। रियर एडमिरल बिप्लब हूटा को तेईस किस्म के विमान चलाने का अनुभव है। आई एन एस विराट, आई एन एस विक्रमादित्य, आई एन एस विक्रांत से विमान उड़ाने के अलावा आई एन एस सावित्री और आई एन एस तेज का नेतृत्व भी ये कर चुके हैं। विक्रमादित्य में मिग 29 के संचालित करने के लिए इन्हें वर्ष दो हजार अट्ठारह में विशिष्ट सेवा मेडल से नवाजा जा चुका है।

<><><><><><>

सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। द्वीपवासियों के कल्याण के लिए इसमें अब मुर्गी, दुग्ध और बकरी पालन गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। यह प्रयास द्वीपवासियों को रोज़गार के लिए नए अवसर प्रदान करेगा और इससे न सिर्फ आर्थिक स्थिरता आएगी, बल्कि सतत् जीविकोपार्जन के अवसर भी उपलब्ध होंगे। योजना को लागू करने और इसके लाभ के बारे में जानकारी देने के लिए अंडमान निकोबार खादी ग्रामोद्योग बोर्ड पशुपालन और पशुचिकित्सा विभाग के सहयोग से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा, ताकि प्रतिभागियों का कौशल विकास हो सके और उन्हें मुर्गी, दुग्ध और बकरी पालन के क्षेत्र में ज्ञान अर्जित हो सके। अट्ठारह से पैंतालीस वर्ष के इच्छुक लाभार्थी प्रशिक्षण के लिए अपना आवेदन उद्योग विभाग के निदेशक तथा खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सदस्य सचिव के पास ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भरे हुए आवेदन पूर्ण दस्तावेजों के साथ सीधे मिडिल प्वाइंट स्थित खादी ग्रामोद्योग बोर्ड कार्यालय के अलावा उद्योग विभाग के नजदीकी विस्तार कार्यालयों या डाक के माध्यम से पन्द्रह जुलाई तक जमा किया जा सकता है। स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक लोग ही आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण की समाप्ति के बाद प्रशिक्षणार्थियों को इकाई स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना से जोड़ा जाएगा।

<><><><><><>

नगरपालिका क्षेत्र में अवैध तरीके से दुकान लगाने वाले रेहड़ी–पटरी वालों के खिलाफ नगरपालिका परिषद द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान लम्बा लाईन क्षेत्र से पच्चीस से अधिक रेहड़ी–पटरी वालों को हटाया गया। नगरपालिका परिषद ने बिना वैध दस्तावेजों के शहर में ऐसी दुकाने न चलाने की चेतावनी दी है।

<><><><><><>

जहाज़रानी सेवा निदेशालय की एफलोट अनुभाग में मरीन रेडियो ऑपरेटर, कन्डक्टर और मजदूर के पद के लिए खाली पड़े पदों को भरने के लिए अतिरिक्त सूची जारी की गई है। मजूदर पद के लिए सूची में शामिल योग्य उम्मीदवारों को अट्ठारह जुलाई को सुबह सात बजे नेताजी स्टेडियम में प्रमाणपत्रों की जांच के लिए और आठ बजे से ट्रेड टेस्ट के लिए उपस्थित रहने को कहा गया है। सफाई कर्मचारी के लिए उन्नीस जुलाई को सुबह दस बजे से मरीन डॉकयार्ड में और कन्डक्टर के लिए उन्नीस जुलाई को सुबह सात बजे से नेताजी स्टेडियम के तरणताल में टेस्ट लिया जाएगा। मरीन रेडियो ऑपरेटर के लिए छब्बीस जुलाई को सुबह सात बजे से नेताजी स्टेडियम में स्वीमिंग टेस्ट और इसी दिन सुबह साढ़े सात बजे से फीनिक्स बे जेट्टी में ट्रेड टेस्ट रखा गया है।

<><><><><><>

भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के सिलसिले में द्वीपसमूह में भी पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस्कॉन मंदिर में सात जुलाई को सुबह चार बजे मंगला आरती के साथ पूजा आरंभ होगी। दिन में ग्यारह बजे आरती के बाद छप्पन भोग लगाया जाएगा और दिन में दो बजे रथ यात्रा निकाली जाएगी, जो प्रातरापुर, पत्थरगड्ढा होते हुए भातुबस्ती तक जाएगी। उत्कल समाज की ओर से सात जुलाई को सुबह साढ़े आठ बजे से पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित होंगे। दिन में बारह बजे से भोग का वितरण किया जाएगा और दो बजे राजस्थान मंदिर से रथ यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी।

<><><><><><><>